

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक I<sup></sup>st ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 15 December 2022

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 15 दिसंबर का इतिहास

- **1911 :** बनारस हिंदु युनिवर्सिटी सोसाइटी की स्थापना हुई।
- **1961 :** नाजी तानाशाह अडोल्फ हिटलर के यहूदी नरसंहार में व्यवस्थित कत्लेआम के आयोजक आडोल्फ आइषमन को मौत की सजा सुनाई गई।
- **1953 :** भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की प्रथम महिला अध्यक्ष चुनी गई।
- **1950 :** भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन हुआ।

## 15 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सरकार ने रूफटॉप सोलर योजना को मार्च 2026 तक बढ़ा दिया। इसकार इस योजना के तहत तब तक सब्सिडी देगी जब तक कि योजना के लिए लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता। कोई भी उपभोक्ता जो देश के किसी भी हिस्से से रूफटॉप सोलर स्थापित करना चाहता है, वह आवेदन कर सकता है और पूरी प्रक्रिया को राष्ट्रीय पोर्टल पर ट्रैक कर सकता है। योजना के तहत सरकार 14,588 रूपये प्रति किलोवाट की सब्सिडी देती है।
- कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बिजनेस जेट टर्मिनल का उद्घाटन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया। टर्मिनल 40 करोड़ रूपये की लागत से बनाया गया है। टर्मिनल 40 करोड़ रूपये की लागत से बनाया गया है। और इसमें 40,000 वर्ग फुट का क्षेत्र शामिल है। यह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय जेट सेवाओं, यात्रा और व्यापार सभाओं को एकीकृत करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।
- भारत सरकार आवास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए स्वामी इंवेस्ट फंड-1 में अतिरिक्त 5000 करोड़ रूपये का निवेश किया है, ताकि स्ट्रेस्ड रियल्थी इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म को 15,530 करोड़ रूपये के अंतिम करीब पहुंचने में मदद मिल सके। नवंबर 2019 में केंद्रीय वित मंत्रालय ने किफायती और मध्य आय आवास के लिए एक विशेष खिड़की की घोषणा की, जो सस्ती, मध्य आय आवास श्रेणी के स्ट्रेस्ड, ब्राउनफील्ड और नियामक निकायों के साथ पंजीकृत आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए ऋण वितपोषण प्रदान करेगी।
- एनएमसीजी द्वारा समुदाय और स्थानीय संसाधनों का लाभ उठाने के लिए प्रौद्योगिकी पर आधारित क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर परियोजना शुरू की गई। इस अवसर पर हिमालयी पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन के संस्थापक एवं पद्य विभूषण श्री अनिल जोशी उपस्थित थे। परियोजना एनएमसीजी और हेस्को द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा नदी के किनारे रहने वाले स्थानीय समुदाय के बीच भविष्य के लिए नए आवश्यकता आधारित कौशल विकसित करना है।
- ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने भविष्य के फाइटर जेट बनाने के लिए यूके, इटली और जापान के बीच साझेदारी की घोषणा की है। इसे टेम्पेस्ट कहा जाएगा। इसकी कल्पना कई क्षमताओं के साथ छठी पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर के रूप में की गई है। इसमें मानवयुक्त या मानव रहित संचालन करने की क्षमता होगी। इसमें हमलावर ड्रोन के झुंड को नियंत्रित करने की क्षमता होगी। इसमें नवीन डेटा सिस्टम होंगे। यह हाइपरसोनिक मिसाइल जैसे अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा।
- भारतीय मूल की सुष्मिता शुक्ला को न्यूयॉर्क में फेडरल रिजर्व बैंक की प्रथम उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब वह इस प्रतिष्ठित केंद्रीय बैंक की दूसरी सबसे बड़ी अधिकारी बन गई है। न्यूयॉर्क स्थित केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि शुक्ला की नियुक्ति को फेडरल रिजर्व सिस्टम के निदेशक मंडल ने मंजूरी दी है। शुक्ला को न्यूयॉर्क के फेडरल रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने प्रथम उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया है और यह नियुक्ति मार्च 2023 से प्रभाव में आएगी।
- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी और ह्यूस्टन निवासी कृष्णा ववलाला को प्रेसिडेंशियल लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है। अपने समुदाय और देश में योगदान के लिए दिया गया यह सर्वोच्च सम्मान है। अमेरीकॉर्प्स के नेतृत्व में दिया जाने वाला प्रसिडेंशियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स, उच्च चरित्र, नैतिकता और अपने समुदाय के प्रति निष्ठा का प्रदर्शन करने वाले नागरिकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है।
- जमनालाल बजाज फाउंडेशन ने जमनालाल बजाज पुरस्कार 2022 के विजेताओं की घोषणा की है। लेबनान के डॉ ओगिरत युनान और डॉ वालिद सलाबी को भारत के बाहर गांधीवादी मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए जमनालाल बजाज पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है। जमनालाल बजाज फाउंडेशन की स्थापना 1977 में महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी और दत्तक पुत्र श्री जमनालाल बजाज की याद में की गई थी।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. 15 अगस्त 2023 तक कितने हजार खेलों इंडिया खेल स्थापित किए जाएंगे ?**

(A) 500 (B) 700
(C) 1000 (D) 1200

**(C)** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय अनुराग ठाकुर ने लोकसभा को सूचित किया कि 15 अगस्त 2023 तक देश में 1000 खेलों इंडिया खेल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक 773 केंद्रों को मंजूरी दी है। देश भर में जमीनी स्तर के खेल बुनियादी ढांचे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा खेलों इंडिया केंद्र शुरू किए गए है।




**2. 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का मेजबान कौनसा देश हैं ?**

(A) जापान (B) फिजी
(C) पाकिस्तान (D) अमेरिका

**(B)** फरवरी 2023 में फिजी में विदेश मंत्रालय द्वारा फिजी सरकार के सहयोग से 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन का मुख्य विषय हिंदीः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमता तक हैं। अब तक विभिन्न देशों में ग्यारह विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं।



**3. हाल ही में किस लेखिका ने अपनी पुस्तक मिरेकल ऑफ फेस योगा का विमोचन किया?**

(A) कमला देवी चट्टोपाध्याय (B) निर्मला जेम्स
(C) सौम्या सक्सेना (D) मानसी गुलाटी

**(D)** मनस्वनी की संस्थापक मानसी गुलाटी ने अपनी पुस्तक मिरेकल्स ऑफ फेस योगा का विमोचन किया है, जिसे भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सराहा है। राष्ट्रपति मेडम ने यह कहते हुए काम की सराहना की कि फेस योगा एक उपयुक्त समय पर सामने आया है जब दुनिया प्रतिरक्षा में सुधार और समग्र जीवन शैली विकसित करने के लिए समाधान की तलाश कर रही है।



**4. हाल ही में किस बैंक ने मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण के साथ मुद्रा अदला-बदली के समझौते पर हस्ताक्षर किए ?**

(A) भारतीय स्टेट बैंक (B) भारतीय रिजर्व बैंक
(C) बैंक ऑफ इंडिया (D) ICICI बैंक

**(B)** भारतीय रिजर्व बैंक ने सार्क देशों के लिए मुद्रा विनिमय सुविधा के तहत मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण के साथ मुद्रा अदला-बदली के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण, आरबीआई से अधिकतम 200 मिलियन डॉलर तक की राशि किस्तों में निकाल सकता है। यह समझौता अल्पावधि के लिए विदेशी मुद्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने में मददगार होगा।



**5. हाल ही में बेल्जियम के किस इंटरनेशनल फुटबॉल खिलाड़ी ने संन्यास लेने की घोषणा की ?**

(A) फॉरवर्ड एडेन हजार्ड (B) केविन दे ब्रूयन
(C) थिबाउट कोर्टियस (D) रोमेलू लुकाकू

**(A)** बेल्जियम के फॉरवर्ड एडेन हजार्ड ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। एक हफ्ते पहले ही टीम फीफा विश्व कप से बाहर हो गई थी। इस 31 साल के विंगर ने 2018 में 17 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय टीम के लिये पदार्पण किया था। उन्होंने टीम के लिये 126 मैच खेले और 33 गोल दागे।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. हाल ही में किस संस्था ने चेन्नई मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए 780 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है ?**

(A) NDB (B) RBI
(C) WB (D) ADB

**(D)** एशियाई विकास बैंक ने चेन्नई की मेट्रो रेल के लिए नई लाइनें बनाने और बस और फीडर सेवाओं के साथ नेटवर्क की कनेक्टिविटी में सुधार के लिए 780 मिलियन अमरीकी डॉलर के वितपोषण को मंजूरी दी। इस परियोजना में 10.1 किमी एलिवेटेड सेक्शन, नौ मेट्रो स्टेशन, 10 किमी अंडरग्राउंड सेक्शन आदि का निर्माण होगा।




**7. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने स्वच्छता कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू की ?**

(A) तमिलनाडु (B) कर्नाटक
(C) आंध्रप्रदेश (D) हरियाणा

**(A)** हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने स्वच्छता कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू की। उन्होंने इस योजना के तहत एक मोबाइल ऐप स्वच्छता कर्मचारी स्वास्थ्य कल्याण और सुरक्षा भी लॉन्च किया। योजना के तहत लाभार्थियों को दस्ताने और बूट जैसे सुरक्षा उपकरण वितरित किए जाएंगे।



**8. पर्यावरण प्रबंधन के संदर्भ में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान किससे संबंधित है ?**

(A) वन्यजीव प्रबंधन (B) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
(C) वायु गुणवत्ता प्रबंधन (D) जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन

**(C)** हाल ही में वायु गुणवत्ता प्रंधन आयोग ने अधिकारियों को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तीसरे चरण के तहत दिल्ली-एनसीआर में लागू प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। इसका मतलब यह है कि अब निर्माण या तोड़-फोड़, BS-IV पेट्रोल और BS-III डीजल वाहनों पर लगा प्रतिबंध हट जाएगा।



**9. हाल ही में किस संस्था ने Preventing injuries and violence: an overview शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है ?**

(A) WEF (B) ADB
(C) WHO (D) UNO

**(C)** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने Preventing injuries and of violence: an overview शीर्षक से एक नई रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट कहती है कि चोटों और हिंसा के कारण दुनिया भर में प्रतिदिन लगभग 12,000 मौतें होती है। इसने चोटों से संबंधित मौतों की रोकथाम के प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला, जो दुनिया भर में 12 में से 1 मौत के लिए जिम्मेदार हैं।

WHO

**10. हाल ही में किस संगठन ने टूलकिट ऑन एनाब्लिंग जेंडर रेस्पोंसिव अर्बन मोबिलिटी एंड पब्लिक स्पेसेस इन इंडिया लॉन्च करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया ?**

(A) वर्ल्ड बैंक (B) नीति आयोग
(C) WEF (D) IMF

**(A)** हाल ही में विश्व बैंक और चेन्नई अर्बन मेटोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने संयुक्त रूप से मिलकर टूलकिट ऑन एनाब्लिंग जेंडर रेस्पॉसिव अर्बन मोबिलिटी एंड पब्लिक स्पेसेस इन इंडिया जारी किया। इस टूलकिट में व्यावहारिक उपकरण हैं जो महिलाओं के लिए सुरक्षित और समावेशी सार्वजनिक क्षेत्रों और सार्वजनिक परिवहन को सुनिश्चित करने में भारत में सरकारों और वाणिज्यिक या समुदाय-आधारित समूहों की सहायता का सकते है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज